# उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ

(यू0पी0 स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंजीनियर्स एसोसिएशन)
उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषदाज्ञा संख्या – 1576–फ/रा0वि0प0(ए)/67
दिनांक 12.04.1972 के तहत मान्यता प्राप्त(पंजीकरण सं0 1636 दिनांक 28 दिसम्बर 1970)
कमरा नं0–08, हाईडिल फील्ड हॉस्टल – 17, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ–226001
uprvpas, 9027013072(महासचिव), asgeneralsecretary@gmail.com

पत्रांक : ए एस –/संगठन /2025–27/117 दिनांक : 03.11.2025

सेवा में,
अध्यक्ष,
उप्रपाकालि/उप्रपाट्राकालि/यूपीराविउनिलि,
लखनऊ।

**विषय : मार्च 2023 की हड़ताल व वर्तमान आंदोलन के फलस्वरुप की गयी समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां समाप्त किये जाने के संबंध में।**

महोदय

उपरोक्त विषय के संबंध में सादर अवगत कराना है कि अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की दिनांक 02 नवम्बर 2025 को लखनऊ में हुई बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया है कि मार्च 2023 की हड़ताल के दौरान व वर्तमान आंदोलन के फलस्वरूप की गयी समस्त उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस लेने की कृपा करें अन्यथा की स्थिति में प्रदेश के समस्त विद्युत अभियंता लोकतांत्रिक ढंग से ध्यानाकर्षण कार्यक्रम प्रारंभ करने हेतु बाध्य होंगे।

2. अतः हमारा आपसे निवेदन है कि आप निम्न उत्पीडन की कार्यवाहियों को समाप्त करने हेतु अभियंता संघ को 10 नवंबर तक वार्ता हेतु समय प्रदान करने की कृपा करें :–

- मार्च 2023 की हड़ताल के दौरान की गयी समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां यथा अनुशासनात्मक कार्यवाहियां, स्टेट विजिलेंस की जांच, एस्मा में की गयी एफ0आई0आर0 आदि।
- वर्तमान आंदोलन के फलस्वरुप परामर्श व चार्जशीट के नाम पर एवं अन्य कारणों से की जा रही समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां यथा रोकी गयी प्रोन्नति, स्थायीकरण आदेश आदि तत्काल जारी किये जाएं और आंदोलन के फलस्वरुप उत्पीड़न की दृष्टि से अभियंताओं के किये गए ट्रांसफर निरस्त किये जाएं।

3. यदि उपरोक्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली गयी तो अभियंता संघ 20 नवम्बर से निम्नवत् ध्यानाकर्षण कार्यक्रम करने हेतु बाध्य होगा। :–

- 20 नवम्बर 2025 से 28 नवम्बर 2025 तक समस्त अभियंता ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधेगें और कार्यालय समय के उपरांत/भोजनावकाश के दौरान विरोध प्रदर्शन करेंगे।
- 24 नवम्बर 2025 को पश्चिमांचल वि.वि.नि.लि. मुख्यालय मेरठ में पश्चिमांचल के जनपदों के अंतर्गत कार्यरत ऊर्जा निगमों के अभियंता विरोध प्रदर्शन करेंगे।
- 25 नवम्बर 2025 को दक्षिणांचल वि.वि.नि.लि. मुख्यालय आगरा में दक्षिणांचल के जनपदों के अंतर्गत कार्यरत ऊर्जा निगमों के अभियंता विरोध प्रदर्शन करेंगे।
- 26 नवम्बर 2025 को पूर्वांचल वि.वि.नि.लि. मुख्यालय वाराणसी में पूर्वांचल के जनपदों के अंतर्गत कार्यरत ऊर्जा निगमों के अभियंता विरोध प्रदर्शन करेंगे।
- 27 नवम्बर 2025 को केस्को मुख्यालय कानपुर में केस्को के अंतर्गत कार्यरत ऊर्जा निगमों के अभियंता विरोध प्रदर्शन करेंगे।
- 28 नवम्बर 2025 को मध्यांचल वि.वि.नि.लि. मुख्यालय लखनऊ में मध्यांचल के जनपदों के अंतर्गत कार्यरत ऊर्जा निगमों के अभियंता विरोध प्रदर्शन करेंगे।
- 29 नवम्बर 2025 को "अभियंता संकल्प दिवस" के अवसर पर केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ध्यानाकर्षण के अगले चरण के कार्यक्रम घोषित किये जाएंगे।

सादर,

भवदीय,
(जितेन्द्र सिंह गुर्जर)
महासचिव

( Pradeep Kumar )
GM (IR)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
1. अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा), उप्र शासन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उप्रपाकालि/उप्रपाट्राकालि/यूपीराविउनिलि, लखनऊ।

